दुश्मन के हमले का जबाव देने और सुनियोजित रणनीति के तहत पोस्ट कमांडर ने अपने जवानों को फायरिंग बंद करने का आदेश दिया। इससे रात के कोहरे के समान होने वाले अंधेरे की तरह भारत की तरफ से अचानक और एकदम सन्नाटा होने से पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा यह मान लिया गया कि पोस्ट पर तैनात सभी भारतीय जवान या तो मारे गए है या घायल हो चुके हैं। तथापि, पाकिस्तानी फौज आगे आयी और सरदार पोस्ट को घेर लिया। उनके बीच हमलाबर कॉलम और निकट आ गए। तुरंत ही उन पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी गई जिसकी दुश्मन ने कतई कल्पना नहीं की थी। उन्हें भारतीय क्षेत्र में उन पर हुए इस जवाबी हमले में मुंह की खानी पड़ी थी। दुश्मन कुछ दूरी तक पीछे हटा, लेकिन गोलीबारी और मोर्टारों से हमला जारी रहा। चूँकि अब दुश्मन को पीछे खदेड़ दिया गया था, श्री डेबिड सिंह मनी पॉल, कंपनी कमांडर ने पोस्ट कमांडर मेजर सरदार करनैल सिंह और केरिपुबल के अन्य 18 जवानों के गायब होने के संबंध में स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तुरंत ही सरदार पोस्ट का चार्ज संभाला और श्री बृजेश चन्द्र महरेश, एड्जूटेंट ने टाक पोस्ट का चार्ज संभाला। एक खाई से दूसरी खाई में जाकर उन्होंने अपने जवानों को पुनः संगठित किया। उनके निर्देश, प्रोत्साहन और प्रेरणा ने जवानों के मनोबल और विश्वास को बढ़ाने में काफी मदद की। पूरे दिन भयंकर गोलीबारी होती रही जिस दौरान पाकिस्तानी सेना ने हमारी पोस्टों को हथियाने के लिए दो से अधिक बार प्रयास किए लेकिन के0रि0पु0बल के जवानों की जवाबी कार्रवाई इतनी जबरदस्त थी कि संख्या और हथियारों में श्रेष्ठकर होने के बावजूद दुश्मन को वहां से भागना पड़ा। भागती हुई पाकिस्तानी सेना अपने दो अधिकारियों सहित 34 सैनिकों के शव वहीं छोड़ गई। चार पाकिस्तानी सैनिकों को जिंदा पकड़ा गया था। ऐसी गंभीर स्थिति में अद्वितीय वीरता और साहस का प्रदर्शन करने के लिए के0रि0पु0बल के 7 अधिकारियों और जवानों को वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक और 7 को वीरता के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
14910
Name
Lance Naik Ranku Ram
Unit
13 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

On 15th August 1965, 100 to 150 raiders attacked a CRPF post at Yusmarg and threw grenades at the bunker followed by firing from all sides. On hearing the firing, Constable Gudit Singh who was on sentry duty went forward to investigate but was wounded by a burst of enemy fire. Undaunted by his injury, he took position and engaged the raiders but soon sustained a fatal injury in the neck and was martyred. Meanwhile Constable Sarwan Singh who was on sentry duty was wounded by a grenade attack but undeterred he kept retaliating with fire and defended his post. Lance Naik Ranku Ram who was incharge of the sentries on duty and had heard the first burst, immediately moved quickly about the camp and alerted the camp. But in the process he was hit by a sten gun bullet in his back. Inspite of being seriously wounded Constable Sarwan Singh and Lance Naik Ranku Ram along with the troops kept retaliating the attack and braved the rain of bullets. Beaten by the valour of the troops the raiders retreated into the nearby jungle. Four raiders were neutralized by the troops during the fierce encounter. For their conspicuous fortitude, bravery and grit, Constable Gudit Singh was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous) and Lance Naik Ranku Ram and Constable Sarwan Singh were awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

दिनांक 15 अगस्त 1965 को 100 से 150 हमलावरों ने युसमर्ग में स्थित केरिपुबल की पोस्ट पर हमला किया और ग्रेनेड फेंके और उसके बाद चारों तरफ से फायरिंग की। शोर सुनकर सिपाही गुदित सिंह जोकि संतरी डयूटी पर थे, पूछताछ करने के लिए आगे बढ़े परंतु गोलीबारी में घायल हो गए। अपने जख्मों की परवाह किए बिना उन्होंने पोजीशन ली और हमलावरों पर फायरिंग करने लगे और उन्हें तब तक उलझाए रखा जब तक कि गले पर गोली लगने के कारण वह वह शहीद नहीं हो गए। इस दौरान सिपाही सरवन सिंह जोकि संतरी डयूटी पर थे वह भी एक ग्रेनेड हमले में घायल हो गए परंतु इससे विचलित हुए बिना उन्होंने जवाबी फायरिंग जारी रखी और अपनी पोस्ट की सुरक्षा की। लांस नायक रंकू राम जोकि डयूटी पर तैनात संतरियों का इंचार्ज थे उन्होंने पहली गोली चलने की आवाज सुनी और कैंप को अलर्ट किया और पीठ में स्टेनगन की गोली लगने से घायल हो गए। इसके बावजूद उन्होंने गोलियों की बौछार के बीच टुकड़ी के अन्य सदस्यों के साथ जवाबी फायरिंग की। बल के सदस्यों की वीरता से घबराकर हमलावर पास के जंगलों में भाग गए। सिपाही गुदित सिंह के अदम्य साहस, वीरता और धैर्य के लिए उन्हें मरणोपरांत वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक और लांस नायक रंकू राम और सिपाही सरवन सिंह को वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

Force No.
13504
Name
Constable Sarwan Singh
Unit
13 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

Force No.
13688
Name
Shaheed Constable Gudit Singh
Unit
13 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous).

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Force No.
3331
Name
Constable Lekh Singh
Unit
3 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

Force No.
3013
Name
Constable Risal Singh
Unit
3 Bn
Decoration
President's Police and Fire Service Medal for Gallantry.

Valor is superior to number and this indeed was proved by the troops of CRPF on 18th August 1965 when a group of 60 Pakistani infiltrators unsuccessfully tried to cut the strategic Srinagar-Leh Road at Wayil. In a bid to damage the Wayil bridge, the infiltrators attacked the small CRPF post guarding this important bridge. As soon as the sentry Constable Lekh Singh heard suspicious noises he alerted the guard and kept vigil. Two infiltrators came very close to the sentry post in a bid to sneak inside the CRPF post and threw a hand grenade. Undeterred by the onslaught brave Constable Lekh Singh shot at the two infiltrators who had to beat a hasty retreat. Meanwhile the small CRPF party including Constable Risal Singh fired heavily on the infiltrators. During the process Constable Risal Singh was wounded in the hand but he bravely retaliated and kept firing till the infiltrators retreated into the jungle. Again when the infiltrators fired at their post Constable Risal Singh, though wounded, actively participated in the action against the enemy. For their conspicuous bravery, courage and grit, the duo was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

'शौर्य संख्या से अधिक बलवान होता है' – इस कहावत को केरिपुबल ने तब चरितार्थ किया जब दिनांक 18 अगस्त 1965 को 60 पाकिस्तानी घुसपैठियों के एक गुट ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण श्रीनगर –लेह मार्ग को वाइल में काटने का एक असफल प्रयास किया। वाइल पुल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से घुसपैठियों ने इस महत्वपूर्ण पुल की सुरक्षा के लिए स्थापित केरिपुबल की एक छोटी पोस्ट पर हमला कर दिया। सिपाही लेख सिंह जो संतरी ड्यूटी पर तैनात थे जैसे ही उन्होंने संदिग्ध हलचल देखी उन्होंने कैंप को अलर्ट कर दिया और निगरानी करने लगे। सीआरपीएफ पोस्ट में घुस जाने के मकसद से दो घुसपैठिए संतरी पोस्ट के बहुत पास आ गए और उन्होंने हेंड ग्रेनेड फेंका। इस अचानक हुए हमले से विचलित हुए बिना वीर सिपाही लेख सिंह ने दोनों घुसपैठियों को मार गिराया और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। इस दौरान सिपाही रिसाल सिंह सहित केरिपुबल की छोटी सी टुकड़ी ने घुसपैठियों पर भारी फायरिंग की। इस दौरान हुई गोलीबारी में सिपाही रिसाल सिंह के हाथ में गोली लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए परंतु उन्होंने तब तक जवाबी फायरिंग जारी रखी जब तक कि घुसपैठिए जंगल में भाग नहीं गए। घुसपैठियों द्वारा दोबारा फायरिंग करने पर भी सिपाही रिसाल सिंह ने दुश्मन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में सक्रिय रूप से भाग लिया। सिपाही लेख सिंह और सिपाही रिसाल सिंह के अदम्य साहस, वीरता और दृढ-निश्चय का प्रदर्शन करने के लिए उन्हें वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Subedar Lekh Ram
Unit
6 Bn, Neemuch
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

On the night of 7th August 1965 hostile forces from across the ceasefire line attacked the CRPF post at Galli at Mandi Valley Sector in the Poonch area of J&K. The post was subjected to light and heavy machine gun fire supported by mortar and artillery fire. The troopers fought bravely and repulsed the attack. For the next week the post was subjected to heavy shelling and was surrounded by the enemy but the CRPF troops braved this onslaught till 15 August 1965 without adequate food and water. During this period a number of attempts were made to overrun the post but every effort was repulsed with a counter resolute attack. During the course of this attack, the brave troopers, under the able leadership of Subedar Lekh Ram kept the enemy at bay even when the troops were short on supplies of food and water. During the fight, the bunker of Constable Naresh Mishra was completely damaged by a rocket. Despite the setback, Constable Naresh Mishra continued to engage the enemy firing heavily till his last breath. Safai Karamchari Pirthi took the rifle of a wounded policeman and took his place in the firing line. He also voluntarily moved from bunker to bunker, though bullets swept the area, carrying boxes of ammunition without caring for his personal safety. For their act of conspicuous gallantry and indomitable valour, Constable Naresh Mishra was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous), Subedar Lekh Ram was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry and Sweeper Pirthi was awarded the Indian Police Medal for Gallantry.

दिनांक 7 अगस्त 1965 की रात को युद्धविराम रेखा के पार से विद्रोही सैनिकों ने जम्मू कश्मीर के पुंछ इलाके के मंडी घाटी सेक्टर में गल्ली स्थित सीआरपीएफ की चौकी पर हमला कर दिया। बल की टुकड़ी ने वीरता से इस हमले का जवाब दिया और हमले को विफल कर दिया। दुश्मन हफ्ते भर पोस्ट को घेरकर गोलाबारी करता रहा परंतु सीआरपीएफ के जवानों ने भोजन पानी खत्म हो जाने पर भी 15 अगस्त 1965 तक इस हमले का डटकर सामना किया। इस दौरान पोस्ट पर कब्ज़े के भी कई प्रयास किए गए परंतु हर बार तुरंत किए गए जवाबी हमले के कारण हमले को विफल कर दिया गया। सूबेदार लेख राम के सक्षम नेतृत्व में बहादुर जवानों ने भोजन व पानी की कमी के बावजूद दुश्मन को नजदीक नहीं आने दिया। इस हमले में सिपाही नरेश मिश्रा का एक बंकर राकेट हमले में नष्ट हो गया। इस झटके के बावजूद सिपाही नरेश मिश्रा ने अपनी अंतिम सांस तक भारी फायरिंग कर रहे दुश्मन को उलझाए रखा। सफाई कर्मचारी पृथी ने एक घायल पुलिसकर्मी की राइफल और उसकी जगह ले ली और फायरिंग करने लगे। वह गोलियों की बौछार के बीच अपनी जान की परवाह किए बिना अम्यूनिशन के बक्से लेकर स्वेच्छा से एक बंकर से दूसरे बंकर तक जाते रहे। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता के लिये शहीद सिपाही नरेश मिश्रा (मरणोपरांत) और सूबेदार लेख राम वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से तथा सफाई कर्मचारी पृथी को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

Name
Shaheed Constable Naresh Mishra
Unit
6 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous).

Force No.
513
Name
Constable/ SK Pirthi
Unit
6 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

IRLA No.
13510
Name
Shri Ashok Yashwant Tipnis
Company Commander
Unit
1 Bn, Neemuch
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

On 7th September 1966 Company Commander Ashok Yashwant Tipnis along with troops of the CRPF and Manipur Rifles cleared hostiles from three camps located in steep hills covered with thick jungles in the south eastern part of Ukhrul sub-division of Manipur. On 10th September 1966, he launched another operation to dislodge the hostiles from Maku. Inspite of the bad weather and difficult terrain, Shri Ashok Yashwant Tipnis forced his way through the objective and directed his men in an assault on the camp in the face of heavy hostile fire. During this encounter while charging up a steep slope he was wounded by grenade splinters. Disregarding his injuries, he continued the assault and succeeded in capturing the camp forcing the hostiles to flee in utter disorder leaving behind a large quantities of supplies. For his conspicuous bravery, gallantry and grit, Company Commander Ashok Yashwant Tipnis was awarded the "President's Police and Fire Services Medal for Gallantry".

दिनांक 7 सितंबर 1966 को कंपनी कमांडर अशोक यशवंत टिपनिस ने केरिपुबल की टुकड़ियों और मणिपुर राईफल्स के साथ मणिपुर के उख्रूल सब-डिवीजन के दक्षिणी पश्चिमी भाग के घने जंगलों से ढकी खड़ी पहाड़ियों में स्थित तीन कैंपों को विद्राहियों से मुक्त करवाया। 10 सितंबर 1966 को माकू से विद्रोहियों को खदेड़ने के लिए उन्होंने एक और ऑपरेशन चलाया। खराब मौसम और कठिन इलाके के बावजूद श्री अशोक यशवंत टिपणिस लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे और विद्रोहियों द्वारा भारी गोलीबारी के बीच उन्होंने अपनी टुकड़ी को हमले का आदेश दिया। इस मुठभेड़ में एक खड़ी पहाड़ी पर चढ़ाई करते समय ग्रेनेड की किरचों से वह घायल हो गए। घायल होने के बावजूद उन्होंने हमला जारी रखा और विद्रोहियों के कैंप पर कब्ज़ा करने में कामयाब हो गए और विद्रोहियों को बड़ी मात्रा में सामान छोड़कर भागने पर विवश कर दिया। उनकी निर्भीकता, अदम्य साहस और धैर्य के लिए उन्हें वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

In the morning of 19 November 1966, an escort party of 1 Bn set out from their camp in Nagaland to clear the road for the convoy of the Dy. Inspector General of Police who was coming for the inspection of the Unit. Constable Rajpal Singh who was leading the patrol as scout sensed a hostile ambush was about to take place. He immediately took position about 30 yards from the place where the hostiles had set up their LMG and opened fire from his rifle. The hostiles who were present on three sides were taken by surprise and opened heavy fire on the party. Constable Rajpal Singh continued firing even when his Section was pinned down and he was hit on the head by LMG fire. He exhibited conspicuous courage and exceptional commitment in the performance of his duty and made the supreme sacrifice of his life. He was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनाँक 19 नवंबर, 1966 को प्रातः 1 बटालियन की एक टुकड़ी नागालैंड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कानवाय के लिये रोड़ आपेनिंग ड्यूटी पर तैनात थी। इस गश्त पार्टी में आगे चल रहे सिपाही राजपाल सिंह को उग्रवादियों द्वारा लगाये गये अम्बुश का आभास हुआ। उसने तुरंत इस अम्बुश से लगभग 30 गज पहले पोजीशन लेकर उग्रवादियों द्वारा एम्बुश में लगायी गयी एलएलजी की ओर फायर किया। इस हमले से चौंक कर उग्रवादियों ने पार्टी की ओर भारी फायर करना शुरू कर दिया। सिपाही राजपाल सिंह तब तक उग्रवादियों की ओर फायर करते रहे जब तक कि उग्रवादियों की ओर से किये जा रहे एलएमजी फायर से वह घायल होकर वीरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त नहीं हो गये। इस ऑपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता के लिये शहीद सिपाही राजपाल सिंह को मरणोपरांत ''वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक'' से सम्मानित किया गया था।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Force No.
15193
Name
Shaheed Constable Rajpal Singh
Unit
1 Bn, Neemuch
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous).

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Jemadar Raghubir Singh
Unit
1 Bn, Neemuch
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

On 14 October 1966, a Road Opening Patrol under the command of Jemadar Raghubir Singh was detailed to Nunshang Bridge in the Ukhrul Sub-Division of Manipur to protect a convoy coming from Imphal. The Patrol was attacked near the bridge by around 300 hostiles armed with automatic weapons. Realising that the CRPF Patrol was completely exposed to the intensive firing of the hostiles, Jemadar Raghubir Singh boldly carried a LMG to a vantage point and opened retaliatory fire on the hostiles. He also encouraged his men to retaliate fiercely. Although greatly outnumbered, the troops with their accurate fire inflicted casualties on the hostiles. Facing the onslaught, the hostiles fled from their secured positions. For displaying exceptional leadership and courage, Jemadar Raghubir Singh was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

दिनांक 14 अक्टूबर 1966 को जमादार रघुवीर सिंह की कमान में प्रथम बटालियन की एक टुकड़ी मार्ग को सुरक्षित करने हेतु निकली। जब यह टुकड़ी नुंगशांग पुल, सब-डिवीजन उखरूल, मणिपुर के पास इम्फाल से आने वाली कानवॉय के लिए मार्ग सुरक्षित कर रही थी तभी विद्रोहियों ने उन पर हमला बोल दिया। अपनी टुकड़ी को खतरे से घिरा देख, जमादार रघुवीर सिंह एलएमजी को लेकर एक टीले पर चढ़ गये व दुश्मन के ऊपर भारी मात्रा में फायर झोंक दिया। साथ ही उन्होंने अपने साथियों को दुश्मन से लड़ने के लिए प्रेरित किया। अपने कमाण्डर के आदेश पर जवानों ने दुश्मन का डट कर मुकाबला किया और कई दुश्मनों को घायल किया जिससे घबराकर दुश्मन भाग खड़ा हुआ। अद्वितीय पराक्रम व वीरता प्रदर्शित करने के लिए जमादार रघुवीर सिंह को राष्ट्रपति के वीरता पदक से सम्मानित किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Force No.
22066
Name
Shaheed Constable Garuna Gond Patil
Unit
17 Bn, Rampur
Decoration
President's Police and Fire services Medal for Gallantry (Posthumous).

In the morning of 23 February 1967, a column of 17 Bn set out from their camp in Lengtalai for Tuipui in present Mizoram then part of Assam. About 9 kms away from camp, the party came under the heavy fire of Mizo hostiles from three directions. The men fought bravely. Constable Garuna Gond Patil, who was the No. 1 gunner, fired accurately on the hostiles from his LMG and foiled their attempt to take away the dead bodies of his fallen colleagues before he too was fatally hit by an LMG burst from the hostiles and was martyred. Constable Garuna Gond Patil was posthumously awarded the President's Police and Fire Services Medal for his conspicuous act of gallantry.

दिनाँक 23 फरवरी 1967 को 17 बटालियन की एक टुकड़ी असम, आज के मिजोरम इलाके से अपने कैम्प से निकली। अभी यह टुकड़ी अपने कैम्प से लगभग नौ किलोमीटर दूर गयी होगी कि मिजो विद्रोहियों ने घात लगा कर टुकड़ी पर भारी फायर करना शुरू कर दिया। बल की टुकड़ी ने तुरंत पोजीशन लेकर फायर का जवाब दिया। सिपाही गरूण गोंड पाटिल ने तुरंत अपनी एलएमजी से दुश्मन पर भारी फायर करना शुरू कर दिया और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। दुश्मन द्वारा अपने घायल साथियों को उठा कर ले जाने के इरादे को भी उन्होंने नाकाम कर दिया। किंतु उग्रवादियों द्वारा किये गये एलएमजी फायर से वह घायल हो कर कर्तव्य पर लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। इस हमले में सिपाही रविंद्र सिंह, सिपाही प्रताप सिंह, सिपाही चन वासप्पन और सिपाही के पी कुन्नी सकाई भी वीरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। इस ऑपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये शहीद सिपाही गरूण गोंड पाटिल को मरणोपरांत ''वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक'' से सम्मानित किया गया था।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Jemadar Gurnam Singh
Unit
22 Bn Jallandhar
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

On 3 August 1967 Jemadar Gurnam Singh took a patrol of seven men to intercept about a dozen Pakistani infiltrators who had crossed the ceasefire line near Tetrinot in J&K. On seeing the CRPF troops the intruders made off. Jemadar Gurnam Singh followed one of the intruders while the troops chased the other infiltrators. In a brave chase, disregarding fire from a Pakistani post, Jemadar Gurnam Singh chased the intruder, knocked him down and then lifting his body started carrying him back to the post. While returning he stepped on a landmine that exploded injuring his right foot severely. Taking advantage of which the Pakistani infiltrator freed himself and tried to flee. Inspite of his injuries Jemadar Gurnam Singh lifted his rifle and shot the fleeing Pakistani intruder dead. For his bravery, courage and valour, Jemadar Gurnam Singh was awarded the President's Police Medal and Fire Services Medal for Gallantry.

दिनांक 3 अगस्त 1967 को जब जमादार गुरनाम सिंह 7 सदस्यों की टुकड़ी के साथ गश्त पर थे तब उन्होंने जम्मू-कश्मीर में टेटरीनोट के नजदीक युद्धविराम रेखा को पार करते हुए लगभग एक दर्जन पाकिस्तानी घुसपैठियों को देखा। केरिपुबल की टुकड़ी को देखकर घुसपैठिए भागने लगे। जमादार गुरनाम सिंह ने उनमें से एक घुसपैठिए का पीछा किया और जबकि टुकड़ी के अन्य सदस्यों ने बाकी घुसपैठियों का पीछा किया। पाकिस्तानी पोस्ट की ओर से हो रही फायरिंग से बेपरवाह जमादार गुरनाम सिंह ने बहादुरी से पीछा करते हुए घुसपैठिए को गिरा दिया और उसे उठाकर अपनी पोस्ट की ओर ले जाने लगे। जब वे लौट रहे थे तभी उनका पैर एक बारूदी सुरंग पर पड़ा और उनका दाहिना पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसका फायदा उठाकर घुसपैठिए ने अपने को छुड़वाकर भागने का प्रयास किया। घायल होने के बावजूद जमादार गुरनाम सिंह ने अपनी राइफल उठाकर भागते पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। जमादार गुरनाम सिंह को उनकी निर्भीकता, अदम्य साहस और दृढ-निश्चय के लिए उन्हें ''वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक'' से सम्मानित किया गया था।

On 11 November 1967, Subedar Kharak Singh Thapa set out with a platoon of his men and laid an ambush on both sides of the track to Chhingchhip from Raldan in the Mizo hills on a tip off regarding the movement of hostiles. When 20 armed hostiles approached the place of ambush in two groups, Subedar Kharak Singh Thapa ordered his LMG gunner to open fire. The hostiles replied with heavy fire on the troops and attacked the LMG post. Seeing the danger, Subedar Kharak Singh Thapa led a charge on the hostiles. In the encounter four hostiles were killed and some arms, ammunition, and valuable documents were recovered. For his bravery, courage and grit, Subedar Kharak Singh Thapa was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

दिनाँक 11 नवंबर 1967 को विद्रोहियों के संचलन की सूचना मिलने पर सूबेदार खड़क सिंह थापा ने मिज़ो हिल्स में छिगेथिप से राओदान तक के रास्ते के दोनों तरफ एम्बुश लगाया। जब 20 सशस्त्र विद्रोही दो गुटों में एंबुश वाले स्थान पर पहुंचे तो सूबेदार खड़क सिंह थापा ने अपने एलएमजी गनर को फायर करने का आदेश दिया। विद्रोहियों ने भारी जवाबी फायरिंग करते हुए एल.एम.जी. पोस्ट पर हमला किया। खतरे को देखते हुए सूबेदार खड़क सिंह थापा ने विद्रोहियों पर हमला करने में नेतृत्व किया। इस मुठभेड़ में चार विद्रोही मारे गए और कुछ गोला-बारूद व महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बरामद किए गए। सूबेदार खड़क सिंह थापा को उनकी निर्भीकता, अदम्य साहस और दृढ-निश्चय के लिए उन्हें वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Subedar Kharak Singh Thapa
Unit
5 Bn. F Company
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
8402
Name
Shaheed Head Constable
Raghunath Bhalekdar
Unit
8 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous).

Delta Company of 8 Bn CRPF was posted at Mao in Manipur and on 27 February 1969, Head Constable Raghunath Bhalekar along with other troops was out conducting operations in the Mao Maram area in the Senapati district of Manipur. At 0600 hours as the platoon under his command was searching a hill feature 8809 in an attempt to locate hostile hideouts, it came under the heavy fire of hostiles hiding on the hilltop. The enemy was strong in numbers and had occupied well dug-in positions and had opened up fire with medium and light machine guns, automatic rifles, and grenades. A fierce encounter ensued. The enemy tried to encircle the troops for complete annihilation but Head Constable Raghunath Bhalekar displayed exemplary bravery and an unflinching commitment to his country while taking on the rebels and exhorting his men to put up a brave fight. In the one and a half hour long encounter, he moved from position to position encouraging his men to retaliate bravely. However, he was badly wounded and like a true son of the soil attained martyrdom for a greater cause. For his raw valour and steadfastness towards his duties in the face of all odds, Shaheed Head Constable Raghunath Bhalekar was conferred the "President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous)".

8 बटालियन की 'डी' कंपनी मणिपुर के माओ में तैनात थी। 27 फरवरी 1969 को हवलदार रघुनाथ भालेकर कंपनी के अन्य सहयोगियों के साथ मणिपुर के सेनापति जिले के माओ मारम क्षेत्र में आपरेशन कर रहे थे। लगभग 0600 बजे इनकी कमान में एक प्लाटून 8809 फुट ऊंची पहाड़ी पर विद्रोहियों के छिपने के ठिकाने ढूंढने के लिए लिए रवाना हुई और पहाड़ी पर बैठे विद्रोहियों ने इन पर भारी फायरिंग कर दी। दुश्मन संख्या बल में अधिक थे, लाभकारी व अच्छी तरह जमी हुई पोजीशन में थे, उन्होंने मीडियम और लाइट मशीन गन, स्वचालित हथियारों और ग्रेनेड से हमला किया। एक भीषण संघर्ष शुरू हो गया। विद्रोही बल की टुकड़ी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए घेरने का प्रयास कर रहे थे परंतु हवलदार रघुनाथ भालेकर ने अनुकरणीय साहस और दृढ़संकल्प का प्रदर्शन करते हुए दुश्मन पर जोरदार जवाबी हमला किया और अपने जवानों को भी बहादुरी से मुकाबला करने के लिए प्रेरित करते रहे। डेढ़ घंटे तक चली लंबी मुठभेड़ में वह लगातार पोजीशन बदल कर फायरिंग करते रहे और घायल होने के बावजूद वह अपने अंतिम सांस तक उग्रवादियों के विरूद्ध संघर्ष में डटे रहे। इस ऑपरेशन में दिखायी गई अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए शहीद हवलदार रघुनाथ भालेकर को मरणोपरांत वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Shaheed Shri Ram Singh Balot
Dy. Superintendent of Police
Unit
8 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous).

Ever since Shri Ram Singh Balot, Dy. Superintent of Police took charge of Delta Company of 8 Bn CRPF deployed at Mao in the Mao-Maran Sub Division of Manipur, he became a force to contend with for the insurgents active in the area due to his pro-active approach towards anti-insurgency operations resulting in the neutralization of some of the important insurgents in the area. On 8 August 1969, at about 1800 hrs Shri Ram Singh Balot was talking to the Assistant Central Intelligence Officer (ACIO) of the Intelligence Bureau on the main road in Mao Bazar in Manipur, when he was shot at in the back with a revolver at point blank range by a hostile. Despite being grievously injured, Shri Ram Singh Balot turned around and grappled with his assailant till help was sought by the ACIO from the nearest post. Shri Ram Singh Balot was posthumously awarded the "President's Police and Fire Services Medal for Gallantry" for courage of the highest order and supreme sacrifice in discharge of his duties.

श्री राम सिंह बलोत पुलिस उप अधीक्षक द्वारा मणिपुर के माओ मरन उप डिविजन में तैनात 8 बटालियन, केरिपुबल की डेल्टा कम्पनी का कार्यभार संभालने के बाद से वे प्रतिविद्रोहात्मक गतिविधियों के पक्षधर होने के कारण विद्रोहियों की नजर में खटकने लगे थे और उनके कारण कई विद्रोही मारे जा चुके थे। 8 अगस्त 1969 को शाम लगभग 1800 बजे श्री राम सिंह बलोत, पुलिस पुलिस उपाधीक्षक मणिपुर के माओलाजार मुख्य मार्ग पर माओ बाजार में केंद्रीय आसूचना अधिकारी के साथ बात कर रहे थे, तभी पीछे से विद्रोहियों द्वारा बहुत नजदीक से उन पर फायर किया गया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने पलट कर अपने हमलावर को दबोच लिया और तब तक दबोचे रहे जब तक पुलिस ने आकर उसे पकड़ नहीं लिया। बाद में अपने गंभीर घावों के कारण वह वीरगति को प्राप्त हुए। श्री राम सिंह बलोत, पुलिस पुलिस उपाधीक्षक द्वारा इस हमले के दौरान प्रदर्शित की गई अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए उन्हें मरणोपरांत वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Shaheed Jemadar M S Negi
Unit
8 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous).

Name
Shaheed Constable Bakhtawar Singh
Unit
8 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

On 22 September 1970, a patrol party of "A" company of 8 Bn set out from its camp. At about 9 am, while the patrol was moving to Karong and had reached near village Bhainsa on the upper track of Nepali Karong, it encountered a well laid ambush by hostiles. The hostiles opened heavy fire from all directions. The patrol commander, Jemadar M. S. Negi, with complete disregard to the volley of bullets rushed towards the enemy, without caring for his personal safety, along with three constables, Shankar Datt, Kailash Chander and Jeewan Chander. He did this to divert the attention of the hostiles from exterminating the patrol and also to provide time for the rear section to take an effective position. In the meantime, Head Constable Udai Ram and Head Constable Asha Ram, who were in the rear section also came in and along with their men repelled the hostiles. In this venture Constable Baktawar Singh was seriously wounded but he continued to crawl and fire. The encounter continued for half an hour till reinforcement arrived. In the encounter Jemadar M. S. Negi, Constable Bakhtawar Singh, Head Constable Asha Ram, Constable Kailash Chand, Constable Jeevan Chand and Constable Shankar Dutt sacrificed their lives for their country. Jemadar M. S. Negi (Posthumous), Head Constable Udai Ram and Constable Baktawar Singh (Posthumous) were awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry and Head Constable Asha Ram, Constable Kailash Chand, Constable Jeewan Chander and Constable Shankar Dutt were posthumously awarded Police Medal(Posthmous) for their commendable courage and conspicuous gallantry.

दिनांक 22 सितंबर 1970 को मणिपुर में तैनात 8 बटालियन की एक टुकड़ी उग्रवादियों के विरूद्ध एक ऑपरेशन के लिये अपने कैम्प से बाहर निकली। सुबह लगभग 9 बजे जब टुकड़ी कैरोंग के पास पहुंची तो नेपाल कैरोंगे के ऊंचे रास्ते पर भांइसा गांव के निकट उग्रवादियों ने उन पर घात लगाकर आक्रमण किया। उग्रवादी हर दिशा से टुकड़ी पर फायर करने लगे। टुकड़ी कमांडर सब इंस्पेक्टर एम.एस. नेगी अपनी जान की परवाह किये बिना तीन सिपाहियों शंकर दत्त, कैलाश चंद्र और जीवन चंद्र को अपने साथ लेकर उग्रवादियों की ओर भागे। इससे उग्रवादियों का ध्यान उनकी तरफ आकर्षित हो गया और बाकी गश्त पार्टी को अपने लिये सुरक्षित मोर्चा संभालने का मौका मिल गया। इसी बीच हवलदार आशा राम जो पिछले सेक्शन की कमान में थे, अपनी टुकड़ी के साथ उग्रवादियों पर टूट पड़े। इस प्रयत्न में सिपाही बख्तावर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये, मगर वह रेंगकर अपना स्थान बदलते हुए उग्रवादियों पर फायर करते रहे। यह मुठभेड़ लगभग आधे घंटे तक चलती रही, जब तक कि मदद नहीं आ गयी। इस मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर एम एस नेगी, सिपाही बख्तावर सिंह, हवलदार आशा राम, सिपाही कैलाश चंद, सिपाही जीवन चंद और सिपाही शंकर दत्त गंभीर रूप से घायल होकर देश सेवा के अपने पुनीत कर्तव्य पर वीरगति को प्राप्त हुए। इस ऑपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये उप निरीक्षक एम एस नेगी और सिपाही बख्तावर सिंह को मरणोपरांत वीरता के लिए पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया और हवलदार आशा राम, सिपाही कैलाश चंद, सिपाही जीवन चंद्र और सिपाही शंकर दत्त को मरणोपरांत वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

Name
Head Constable Udai Ram
Unit
8 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

Name
Shaheed Head Constable Asha Ram
Unit
8 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

Name
Shaheed Constable Kailash Chander
Unit
8 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).



Force No.
61009343
Name
Shaheed Constable Jeewan Chander
Unit
8 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

Name
Shaheed Constable Shanker Datt
Unit
8 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

IRLA No.
795
Name
Shri Ranveer Singh Rana
Dy. Superintendent of Police
Unit
20 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

During the Indo-Pak war of 1971, Shri Ranveer Singh Rana commanded the 'D' Company, 20 Bn, CRPF that was deployed on the western border in J&K along the area called the 'Chicken Neck'. In a bid to consolidate their position in and along the 'Chicken Neck' the enemy on 5 December 1971 occupied the 'Jamna Bela' post from which the Indian forces had earlier affected a tactical withdrawl. Shri Rana was entrusted with the task of throwing the enemy out and recapturing the post. Shri Rana personally led his Company and launched a determined counter-attack on the post with the small force under this command. Inspired by their Commander's bravery and courage, the CRPF men, though out-numbered, pushed on relentlessly despite heavy enemy fire from automatic weapons, dislodged the entrenched enemy and recaptured 'Jamna Bela' post. Due to intelligent planning and sound tactics followed by Shri Rana, the force suffered no casualty. For his bravery and courage, Shri Ranveer Singh Rana, Dy. Superintendent of Police was awarded the "President's Police and Fire Services Medal for Gallantry".

सन 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 20 बटालियन की 'डी' कम्पनी जम्मू-कश्मीर के पूर्वी सीमा क्षेत्र, जिसे ''चिकन नेक'' कहा जाता है, में तैनात थी और उसका नेतृत्व श्री रणबीर सिंह राणा कर रहे थे । 5 दिसम्बर 1971 को दुश्मन ने ''चिकन नेक'' और आस-पास के इलाके में अपनी स्थिति मजबूत करने के प्रयास में जमुना बेला पोस्ट पर कब्जा कर लिया, जिसे भारतीय बलों ने सामरिक आधार पर पहले ही खाली कर दिया था। श्री राणा को कब्जा हुई पोस्टों को खाली करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री राणा ने व्यक्तिगत रूप से कम्पनी का नेतृत्व किया और अपने साथ कुछ जवानों को लेकर पोस्ट पर जवाबी हमला किया। यद्यपि दुश्मन संख्या में अधिक थे तथा उनकी ओर से भारी गोलीबारी होने के बावजूद भी अपने कमाण्डर के व्यक्तिगत साहस और बहादुरी से प्रेरित होकर सीआरपीएफ के जवानों ने दुश्मनों को पीछे धकेल दिया और जमुना बेला पोस्ट पर दोबारा कब्जा कर लिया। श्री राणा की सूझबूझ और सही युद्ध नीति से बल की किसी प्रकार की हानि नहीं हुई। इस बहादुरी और साहस के लिए श्री रणवीर सिंह राणा, पुलिस उपाधीक्षक को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

On the night of 3 December 1971 Pakistani forces started shelling Khatelchari, Dalbari, and Subrum near Bishanpur BOP in Tripura manned by a platoon of 38 Bn CRPF. There was no artillery available to support the CRPF and the enemy was beyond the reach of available weaponry. So after suffering enemy action for several hours without respite, on 9 December 1971, Jemadar Sher Singh with a small Section of the force, crossed the border and proceeded well beyond it, mounted an attack on Pakistan BOP with 2" mortar and silenced the enemy before returning to base. Later in the day when the enemy opened fire again he undertook the same operation, fraught with danger, for a second time, achieved the desired result and brought back his entire section safely to the base within Indian territory, thereby causing confusion in the enemy ranks and lowering their morale. For his conspicuous gallantry, bravery and grit, Jemadar Sher Singh was awarded the "President's Police and Fire Services Medal for Gallantry".

दिनांक 3 दिसंबर 1971 की रात को त्रिपुरा में बेशनपुर बीओपी के निकट खतेलचारी, बलबानी और सबरम में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने सीआरपीएफ की 38 बटालियन की प्लाटून पर गोलाबारी शुरू कर दी। सीआरपीएफ के लिए वहां तोपखाने की कोई सहायता उपलब्ध नहीं थी और दुश्मन उपलब्ध हथियारों की पहुंच से बहुत दूर था। बिना किसी विश्राम के कई घंटों तक दुश्मन की कार्रवाई बर्दाश्त के बाद 9 दिसंबर 1971 को जमादार शेर सिंह ने बल की छोटी सी टुकड़ी के साथ सीमा पार की और काफी अंदर जाकर पाक बीओपी पर 2'' मोर्टार से हमला करके उसे शांत कर दिया और कैंप में वापस लौट आए। बाद में फिर दोबारा दुश्मन द्वारा गोलीबारी करने पर उन्होंने फिर इन्ही खतरों से भरा ऑपरेशन दोबारा किया और दुश्मन को शांत करवा कर अपनी पूरी टुकड़ी को सुरक्षित भारतीय सीमा में अपने ठिकाने पर वापस लेकर आए और दुश्मन में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी और उनका मनोबल तोड़ दिया। उनकी निर्भीकता, अदम्य साहस और धैर्य के लिए जमादार शेर सिंह को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

Name
Jemadar Sher Singh
Unit
38 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Jemadar Sugan Singh
Unit
46 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

Jemadar Sugan Singh was commanding the No. 1 Platoon of 'A' Coy 46 Bn and was incharge of the bridge post at Punda, situated about one kilometer north of the Pakistan Army post at Durgapur. On 25 November 1971, a camp in the neighbourhood was attacked by the infiltrating Pakistan patrols. Jemadar Sugan Singh rushed to the help of the camp with a small section of his force, which could be spared from the defence of the post itself. Displaying exemplary leadership and outstanding tactics he successfully created the impression, on the strong enemy patrols, that a much larger force than was actually accompanying him had come to the rescue of the camp. He thus compelled the enemy to withdraw, leaving behind a large quantity of arms and ammunition. For his courage and leadership qualities against imminent danger, Jemadar Sugan Singh was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

जमादार सुगन सिंह 46 बटालियन की ''ए'' कम्पनी की प्लाटून सं0 1 को कमांड कर रहे थे और वे दुर्गापुर में पाकिस्तानी सेना के पोस्ट के उत्तर में लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर पुण्डा में स्थित ब्रिज पोस्ट के प्रभारी थे। दिनांक 25 नवम्बर 1971 को पड़ोस के एक शिविर में घुसपैठिए पाक गश्ती दल द्वारा हमला किया गया। पोस्ट की सुरक्षा से स्पेयर की जा सकने वाली टुकड़ी को लेकर जमादार सुगन सिंह स्वंय कैम्प की सहायता के लिए पहुंचे। उन्होंने अनुकरणीय नेतृत्व एवं उत्कृष्ट रणनीति का प्रदर्शन करते हुए शत्रु के मजबूत गश्ती दल के बीच ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी की उसे ऐसा प्रतीत हुआ कि कैम्प के बचाव के लिए उसके साथ वास्तविक बल के बजाए काफी अधिक फोर्स है। इस तरह उन्होंने दुश्मन को भारी मात्रा में अपने हथियार और विस्फोटकों को छोड़कर भागने के लिए मजबूर कर दिया। जमादार सुगन सिंह को आसन्न खतरे के विरूद्ध अदम्य साहस और कुशल नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

Shaheed Constable Baldev Singh was posted to 20 Bn, deployed on the western front 'Chicken Neck' area. During the Indo-Pak operation of 1971, the Bn was instrumental in recapturing the Jamna Bela post from the possession of the Pakistanis after a fierce encounter with the enemy on 5 December 1971 in which Constable Baldev Singh played a remarkable role. Despite heavy firing he acted with calm courage and promptly engaged the entrenched enemy during the operation. However, again on 14 December 1971 his post was subjected to heavy shelling by the enemy. Constable Baldev Singh exhibited great fortitude and held on to his position till he was injured by a splinter and consequently evacuated to a field hospital where he succumbed to his injuries. For his exemplary courage and devotion to duty he was decorated with the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry (Posthumous).

केंद्रीय रिजर्व पुलिस की 20 बटालियन जम्मू-कश्मीर की पश्चिमी सीमा पर तैनात थी। सन् 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान बल की टुकड़ी ने सेना के साथ मिलकर पाकिस्तानियों के कब्जे में गई जमना बेला चौकी को छुड़ाने में अहम भूमिका निभाई। दिनांक 5 दिसंबर 1971 को हुए इस संघर्ष में सिपाही बलदेव सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुश्मन की ओर से पोस्ट पर दोबारा भारी गोलीबारी की गई। सिपाही बलदेव सिंह ने अपने साहस का परिचय देते हुए अपनी पोजीशन को अंतिम समय तक नहीं छोड़ा जबकि वे बम की किरचें लगने के कारण गंभीर रूप घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वह वीरता से लड़ते हुए अपनी अंतिम सांस तक मोर्चे पर डटे रहे और अंततः देश सेवा के अपने पुनीत कर्तव्य पर वीरगति को प्राप्त हुए। इस ऑपरेशन में शहीद सिपाही बलदेव सिंह द्वारा प्रदर्शित की गई अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता के लिए उन्हें राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Force No.
68020626
Name
Shaheed Constable Baldev Singh
Unit
20 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal (Posthumous).

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Force No.
6203826
Name
Constable Balbir Singh
Unit
38 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

Baligaon BOP in the Kamalpur sub-division of Tripura was occupied by B Coy, 38 Bn CRPF. On 5 October 1971 under pre-war conditions, while a section strength of CRPF troopers were patrolling near Ganganagar village in Tripura, 150 armed Pakistani miscreants including a platoon of the regular Pakistan army, entered Ganganagar village and started setting civilian houses on fire. Simultaneously they fired on the CRPF patrol and the village with mortars, automatic weapons, and small weapons from nearby Pakistan BOP Adia. The troops retaliated with heavy fire. Within minutes Constable Balbir Singh, who was the leading scout, received a grave head injury. Undaunted and with utter disregard to his injuries, he crawled forward and continued firing on the enemy thereby causing remarkable damage, setting a shining example for other troopers and thus saving many innocent civilian lives and property. For his conspicuous bravery, courage, and valour, Constable Balbir Singh was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

दिनांक 5 अक्टूबर 1971 को युद्ध से पूर्व की स्थिति में केरिपुबल की एक सेक्शन त्रिपुरा के गंगानगर गांव में पेट्रोलिंग कर रही थी तभी पाकिस्तानी सेना की नियमित प्लाटून के साथ 150 सशस्त्र पाक बदमाशों ने सिविलियन घरों को जलाना शुरू कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने मोर्टार, स्वचालित हथियारों और छोटे हथियारों के साथ नजदीकी पाक बीओपी एरिया से सीआरपीएफ पेट्रोल पर हमला कर दिया। बल की टुकड़ी ने भारी फायर कर जवाब दिया। कुछ ही मिनटों में सिपाही बलबीर सिंह जो अग्रिम पंक्ति में स्काउट थे उन्हें सिर पर चोट लगी। अपनी चोट की परवाह किए बिना वह रेंगते हुए आगे बढ़े और लगातार फायरिंग करते हुए दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया और साथी सदस्यों के लिए मिसाल पेश की और जान-माल की नुकसान होने से बचा लिया। उनकी निडरता, अदम्य साहस और धैर्य के लिए सिपाही बलबीर सिंह को वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

On 2 January 1972, after receiving vital information of infiltration of armed hostiles into Indian territory in Manipur and proceeding to Imphal valley, an operation was launched by 4 Bn. After another tip off that suggested that the hostiles were camping near village Lakhichara, Shri M C Soam rushed to the hideout after wading through cold water and thick jungle. After cordoning the area, Shri Soam moved forward but the hostiles saw him and opened fire on the troops with automatic weapons. Shri Soam remained undeterred and led his men without any concern for his personal safety. He charged at them and after a close battle dislodged them from their position and captured seven of them along with their automatic rifles and one sten gun. After interrogation and follow-up operations, six more hostiles were arrested. For his conspicuous Gallantry and courage, Shri M C Soam, Dy. Superintendent of Police was awarded the BAR to President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

दिनांक 2 जनवरी 1972 को भारत के मणिपुर की इम्फाल की घाटी में सशस्त्र उग्रवादियों के घुस आने की खुफिया सूचना प्राप्त होने पर 4 बटालियन केरिपुबल ने एक ऑपरेशन का संचालन किया। प्राप्त खुफिया सूचना के अनुसार उग्रवादी लखीचेरा गांव के नजदीक ठहरे हुए थे। श्री एम.सी. सोम ठंडे पानी और घने जंगलों को पारकर उग्रवादियों के छिपने के ठिकाने पर जा पहुंचे। उस क्षेत्र की तलाशी के उपरांत श्री सोम आगे बढ़े लेकिन उग्रवादी सर्तक हो गए और उन्होंने स्वचालित हथियारों से जवानों पर फायर किया। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर श्री सोम अपने जवानों के साथ साहस और निर्भीकता से डटे रहे। वह उग्रवादी पर भारी पड़े और नजदीकी लड़ाई के बाद उन्हें अपने स्थान से उखाड़ फेंका तथा सात सशस्त्र उग्रवादी गिरफ्तार किए गए और साथ में स्वचालित राईफल व एक स्टेनगन बरामद की गई। पूछताछ और ऑपरेशन के बाद, छह और उग्रवादी पकड़े गए। इस विशिष्ट वीरता और साहस के लिए श्री एम.सी. सोम, पुलीस अधीक्षक को वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस और अग्नि सेवा पदक से सम्मानित किया गया ।

Name
Shri M C Soam
Dy. Superintendent of Police
Unit
4 Bn
Decoration
BAR to President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Jemadar Kadiyala Narasimha Rao
Unit
5 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

Force No.
710120211
Name
Constable Dalip Kumar Singh
Unit
5 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 3 May 1972, on seeing the troops of 5 Bn CRPF and civil police approaching them, extremists hiding in the Mango grove in PS Shantipur of Nadia district opened heavy fire on them after hurling grenades. The troops promptly retaliated and pinned the extremists down. Meanwhile as Constable Dalip Kumar Singh engaged two of the extremists, Jemadar Kadiyala Narasimha Rao crawled ahead without heeding the bullets flying around and shot both the extremists down. As two other extremists tried to flee from the area, Constable Dalip Kumar Singh chased the fleeing extremists disregarding the bullets that were flying all around and fired effectively on two of them thereby killing one of them. Soon enough the other terrorist was also killed by the troops in the final assault. For their conspicuous Gallantry, courage, and valour, Jemadar Kadiyala Narasimha Rao was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry and Constable Dalip Kumar Singh was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 3 मई 1972 को नादिया जिला में आम के बाग में उग्रवादियों को छिपे हुए देखकर 5 बटालियन, केरिपुबल और सिविल पुलिस की टुकड़ी ने उन तक पहुंचने का प्रयास किया तो उन्होंने ग्रेनेड फेंककर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। बल ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और उग्रवादियों के हौंसले को तोड़ दिया। इस बीच सिपाही दलीप कुमार सिंह ने उनमें से दो उग्रवादियों को उलझा कर रखा और जमादार कदिया नरसिंहा राव चारों ओर से आ रही गोलीबारी में रेंगते हुए आगे बढ़े और दोनों उग्रवादियों को मार गिराया। जैसे ही दो अन्य उग्रवादियों ने वहां से भागने का प्रयास किया सिपाही दलीप कुमार सिंह ने चारों ओर से हो रही गोलियों की बौछार की परवाह न करते हुए भाग रहे उग्रवादियों का पीछा किया और कारगर हमला करते हुए उनमें से एक उग्रवादी को मार गिराया। शीघ्र ही दूसरे उग्रवादी को भी जवानों द्वारा मार गिराया गया। उनके विशिष्ट शौर्य और वीरता के लिए जमादार कादिया नरसिंहा राव को वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक तथा सिपाही दलीप कुमार सिंह को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

On 31 October 1972, Subedar O P Sharma was returning to his Company headquarters in Khammam district of Andhra Pradesh along with three constables when he noticed six persons passing through a forest road. Suspecting some thing was wrong, Subedar Sharma asked them to disclose their identity. But the suspects, who were carrying a double barrel gun covered in a towel, fired upon the police party and tried to escape. With disregard to his personal safety, Subedar Sharma chased the hostile with the gun. In the scuffle with the hostile, Subedar Sharma was hit severely with the butt of the gun but he remained undeterred and ultimately overpowered the armed man. On searching the men, in addition to the double-barrel gun, a dagger and some other articles were also recovered from them. For exhibiting conspicuous gallantry in the face of death Subedar O P Sharma was awarded the President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

दिनांक 31 अक्तूबर 1972 को जब सूबेदार मेजर ओ0पी0 शर्मा अपने तीन सिपाहियों के साथ कम्पनी मुख्यालय आंध्र प्रदेश के जिला खम्मम से लौट रहे थे तो छह लोगों के जंगल के रास्ते से जाने की सूचना प्राप्त हुई। कुछ संदेह होने पर सूबेदार मेजर ओ0पी0 शर्मा ने उन्हें अपनी पहचान साबित करने को कहा। लेकिन संदेहास्पद व्यक्तियों ने तौलिए से ढककर छिपाई हुई दो डबल बैरल गन से पुलिस पार्टी पर फायर करना शुरू कर दिया तथा भागने का प्रयास किया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा का ख्याल न करते हुए सूबेदार शर्मा ने गन थामे व्यक्ति का निर्भीकता से पीछा किया तथा उसके साथ हुई हाथापाई में सूबेदार शर्मा गन के बट से बुरी तरह घायल होने के बावजूद भी डटे रहे और हथियार लेकर भागने वाले सशस्त्र उग्रवादी को पछाड़ दिया। तलाशी लेने पर उग्रवादी से डबल बैरल गन के अतिरिक्त अन्य वस्तुएं भी बरामद हुई। अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए विशिष्ट वीरता प्रदर्शन करने के लिए सूबेदार मेजर ओ0पी0 शर्मा को वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस एवं अग्नि सेवा पदक से सम्मानित कियाा गया।

Name
Subedar O P Sharma
Unit
45 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

PRESIDENT'S POLICE & FIRE SERVICES MEDAL FOR GALLANTRY

Name
Subedar Durga Singh Rawat
Unit
10 Bn
Decoration
President's Police and Fire Services Medal for Gallantry.

On 29 September 1972, while a patrol party of the CRPF led by Subedar Durga Singh Rawat was searching some huts on the outskirts of village Sonapuram in the Tamenglong area of Manipur to apprehend hostiles, they saw some lights flickering ahead near a hut. As Subedar Durga Singh Rawat moved towards the lights, extremists opened heavy fire on the troops. The troops were diligent and well prepared for such a confrontation and hence retaliated effectively. Subedar Durga Singh Rawat asked Constable Sahi Ram to chase and capture a fleeing insurgent. Constable Sahi Ram caught the extremist after a chase, but the extremist hit him with the butt of his rifle. Undaunted by this assault, in a brave act Constable Sahi Ram overpowered the extremist and apprehended him. Meanwhile, Subedar Durga Singh Rawat dashed towards the gate of the hut and captured a hostile who was aiming at him with his sten gun and also posed a serious risk to the rest of the party. On the other side of the hut Constable Mala Ram chased an extremist in an olive green uniform, who was trying to flee. While fleeing, the extremist fired at Constable Mala Ram but missed. Undeterred by the onslaught Constable Mala Ram chased the militant and apprehended him. For their bravery, courage, and grit the trio was awarded the President's Police and Fire Service Medal for Gallantry.

